बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 01/भू0अ0नि0(13)विशेष सर्वेक्षण कर्मी(आरोप) कटिहार–03/2023 6385 पटना, दिनांक :– 14/08/2023

आदेश

अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, कटिहार के पत्रांक 297 दिनांक 08.05.2023 द्वारा श्री विजय कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04109) के विरूद्ध कार्य में लापरवाही बरतने एवं कार्य में प्रगति संतोषजनक नहीं रहने के कारण विधिसम्मत कार्रवाई की अनुशंसा भेजी गयी है।

प्रतिवेदित अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4945 दिनांक 15.06.2023 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। श्री कुमार द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है।

आरोपित से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं दिया गया है। क्योंकि विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत किए जाने वाले विभिन्न प्रक्रम के कार्य हेतु समय सीमा निर्धारित है, जिसमें किस्तवार एवं खानापुरी कार्य हेतु 120 दिन की समयावधि निर्धारित की गयी है। इनके द्वारा उक्त कार्य को 10 माह से किया जा रहा है, जिससे सर्वेक्षण के अन्य प्रक्रम में विलंब की स्थिति बनेगी। यद्यपि इनके द्वारा की जा रही घोर लापरवाही से विशेष सर्वेक्षण का निर्धारित लक्ष्य बाधित हुआ है, अतः इनके कार्य में सुधार लाने के दृष्टिकोण से तत्काल 06 माह के मानदेय कटौती का दण्ड दिया जाता है।

साथ ही चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में इसकी पुनरावृति होने पर इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

(जय सिंह) 14/8/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)विशेष सर्वेक्षण कर्मी(आरोप) कटिहार–03/2023 6385 **पटना, दिनांक** :– 14/08/2023

प्रतिलिपि :– श्री विजय कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04109), बंदोबस्त कार्यालय, कटिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)विशेष सर्वेक्षण कर्मी(आरोप) कटिहार–03/2023 6385 **पटना, दिनांक** :– 14/08/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)विशेष सर्वेक्षण कर्मी(आरोप) कटिहार–03/2023 6385 **पटना, दिनांक** :– 14/08/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित श्री कुमार के व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 14/8/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप